Lectures & Coach (School Edu.) Exam - 2025

इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।/Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 24
No. of Pages in Booklet : 24
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150
Paper Code : 01
Subject : Hindi

# LCS-26

## Paper-II

प्रश्न पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

1071009

समय : 03:00 घण्टे + 10 मिनिट अतिरिक्त*
Time : 03:00 Hours + 10 Minutes Extra*

अधिकतम अंक : 300
Maximum Marks : 300

प्रश्न पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथिन बैग को खोलने पर प्रश्न पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :-

- प्रश्न पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।
- प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के **5** मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that:-

- Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.
- All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after **five** minutes of start of examination.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।**
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिये। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पांच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो उत्तर-पत्रक में पांचवें (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पांच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।**
10. ***प्रश्न पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. आंसर शीट जांच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पांच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है, तो उसको अयोग्य माना जायेगा।**
12. **मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **BLUE BALL POINT PEN** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in OMR Answer Sheet. Candidate will himself/herself be responsible for filling wrong Roll Number.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question, then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10. ***After solving the question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt by the Commission as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2022, other laws applicable and Commission's Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर-पत्रक में दो प्रतियां हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियां वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड़कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, **जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

1. तत्सम शब्द है –
(1) चंपा
(2) सूत
(3) छेद
(4) छाया
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. 'श्रुतिकटुत्व' काव्य–दोष का उदाहरण है –
(1) तत्व–ज्ञान पाकर हुए आशय दलित समस्त।
(2) कब की इकटक डटि रही टटिया अँगुरिन टारि।
(3) थी सर्व में अधिक मंजुल, मुग्धकारी।
जादू–भरी मुरलिका पति–राधिका की।
(4) मंदिर–अरध अवधि हरि बदि गये,
हरि–अहार चलि जात।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. निम्नलिखित में से ग्राम्यत्व दोष का उदाहरण नहीं है –
(1) अली पास पौढ़ी भले मोहि किन पौढ़न देत।
(2) मुख मयंक को देखकर विकसा मानस कंज।
(3) धनु है यह गौरमदाइन नाहीं।
(4) पड़े झटोले में रहे नींद न आई राति।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. हिन्दी की आदिकालीन साहित्यिक प्रवृत्तियों के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प गलत है?
(1) रासो ग्रंथों में कथा कहने के ढंग के लिए कथानक रूढ़ियों का प्रयोग मिलता है।
(2) आदिकाल में कथ्य की विविधता के साथ छंद प्रयोग की विविधता मिलती है।
(3) आदिकालीन रासो काव्यों में वीर रस की व्यंजना के लिए छप्पय, तोटक, तोमर, पद्धरि और नाराच छंदों का अधिक प्रयोग किया गया है।
(4) आदिकालीन हिन्दी साहित्य में कोमल भावों की अभिव्यंजना डिंगल शैली में की गई है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. "वा छवि को रसखानि विलोकत वारत काम कला निज कोटी।
काग के भाग महा सजनी हरि हाथ सों ले गयो माखन रोटी।।"
प्रस्तुत पंक्तियाँ किस छन्द की हैं?
(1) मनहरण कवित्त
(2) मत्तगयन्द सवैया
(3) हरिगीतिका
(4) मन्दाक्रान्ता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है –
(1) बड़ों की आज्ञा मानना हमारा कर्तव्य है।
(2) उन्होंने इस बात की आपत्ति उठायी।
(3) व्यापार में सेठ रामलाल के कोई घाटा नहीं हुआ।
(4) मैंने उसे बैठने की कुर्सी दी।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. किस विकल्प के सभी शब्द तद्भव हैं?
(1) आँत, अकार्य
(2) अदरक, अचरज
(3) अंगरखा, अष्ट
(4) अंगूठा, अमृत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. निम्नलिखित में से तीसरा सप्तक के कवि नहीं हैं –
(1) विजयदेव नारायण साही (2) रघुवीर सहाय
(3) कुँवर नारायण (4) केदारनाथ सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. निम्नलिखित में से जयशंकर प्रसाद के नाटकों की विशेषता नहीं है –
(1) उनके नाटक सांस्कृतिक हैं, वे देश की समृद्धि के प्रतिरूप हैं।
(2) उनके नाटकों का देश–काल पर्याप्त विस्तृत है।
(3) उनके नाटकों में काव्यात्मकता दृष्टिगोचर होती है।
(4) उनके नाटकों में भी दर्शन है लेकिन उनकी दार्शनिकता उनकी नाटकीय कलात्मकता में विघ्न उपस्थित नहीं करती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. निम्नलिखित में से रामभक्ति काव्य परम्परा के कवि नहीं हैं –
(1) नरहरि बारहट (2) हृदयराम
(3) माधवदास चारण (4) हरिराम व्यास
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. 'विदेशी' शब्द नहीं है –
(1) चेचक (2) खिड़की
(3) तमाशा (4) देर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. क्रमशः सही अर्थयुक्त शब्द–युग्म है –
(1) परिमल = पवित्र परिभव = वैभव (2) कुल = वंश कूल = ठण्डा
(3) इति = अंत ईति = बाधा (4) इन्द्रा = लक्ष्मी इन्दिरा = इन्द्र की पत्नी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. निम्नलिखित में कौनसे वाक्य में 'निजवाचक सर्वनाम' की प्रयुक्ति नहीं हुई है?
(1) इस विषय में आप लोगों की क्या राय है? (2) मैं आप वहीं से आया हूँ।
(3) वह अपने को सुधार रहा है। (4) अपने से बड़े का आदर करना उचित है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. रत्यादि स्थायी भावों को प्रकाशित करने वाली आश्रय की बाह्य चेष्टाएँ कहलाती हैं –
(1) उद्दीपन विभाव (2) व्यभिचारी भाव
(3) अनुभाव (4) आलम्बन विभाव
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. काव्य का एकमात्र हेतु 'प्रतिभा' को मानने वाले आचार्य हैं –
(1) आनन्दवर्द्धन (2) राजशेखर
(3) मम्मट (4) पं. जगन्नाथ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. लोंजाइनस के उदात्त तत्त्व के बहिरंग पक्ष में सम्मिलित तत्त्व नहीं है –
(1) उत्कृष्ट भाषा (2) समुचित अलंकार योजना
(3) भावावेश की तीव्रता (4) गरिमामय रचना–विधान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**17.** हिंदी भाषा के विकास की दृष्टि से असंगत है –

(1) मध्यकाल में पढ़े–लिखे लोगों की भाषा में 'क़, ख़, ग़, ज़ तथा फ़' पाँच ध्वनियाँ सम्मिलित हो गईं।

(2) ऐ तथा औ दो संयुक्त स्वर आदिकालीन हिंदी में प्रयुक्त होने लगे।

(3) आदिकालीन हिंदी में भक्तिकाल की तुलना में बहुत अधिक तत्सम शब्द गृहीत हुए।

(4) मध्यकाल में हिंदी की प्रमुख बोलियाँ विकसित हो गईं, अपभ्रंश के रूप प्रायः समाप्त हो गए।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**18.** ''कोइल भई पुकारति रही, महरि पुकारे 'लेइ लेइ दही'।
पेड़, तिलोरी औ जल हंसा, हिरदय पैठि बिरह कटनंसा।।''
उपर्युक्त पंक्तियों में 'कटनंसा' शब्द का अर्थ है –

(1) तोता (2) नीलकंठ

(3) चकोर (4) कठफोड़वा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**19.** 'रोगी को बड़ी घबराहट हो रही थी।' वाक्य में रेखांकित पद है –

(1) विशेषण (2) क्रियाविशेषण

(3) क्रिया (4) संज्ञा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**20.** किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग है?

(1) प्रत्यक्ष (2) प्रतिष्ठा

(3) प्रभु (4) प्रत्येक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**21.** ''भारत भूमि क्या भुलायी जा सकती है? कदापि नहीं! अन्य देश मनुष्यों की जन्मभूमि है! यह भारत मानवता की जन्मभूमि है।''
'चन्द्रगुप्त' नाटक में भारतवर्ष के संदर्भ में ये विचार किसके हैं?

(1) कार्नेलिया (2) मालविका

(3) चन्द्रगुप्त (4) अलका

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**22.** उत्तम काव्य की रचना धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप चारों पुरुषार्थों को तथा समस्त कलाओं में निपुणता को और प्रीति (आनन्द) तथा कीर्ति को उत्पन्न करती है। काव्य–प्रयोजन के संबंध में यह मान्यता किसकी है?

(1) मम्मट (2) दण्डी

(3) कुलपति (4) भामह

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**23.** भारतेन्दु युगीन पत्र–पत्रिका एवं संपादक की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(1) पीयूष प्रवाह – राधाचरण गोस्वामी (2) हिन्दी प्रदीप – पं. बालकृष्ण भट्ट

(3) सदादर्श – लाला श्रीनिवास दास (4) भारत मित्र – रुद्रदत्त

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**24.** निबंध – संग्रह और उसके रचनाकार की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(1) कुछ उथले कुछ गहरे – डॉ. इन्द्रनाथ मदान

(2) साहित्य सहचर – हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) माटी हो गई सोना – कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(4) माटी का फूल – महादेवी वर्मा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**25.** किस विकल्प में अशुद्ध शब्द है?

(1) पुनरोक्ति
(2) द्रष्टा
(3) अनुगृहीत
(4) अन्तर्भाव
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**26.** 'मनमुटाव करना' अर्थ के लिए सर्वाधिक उपयुक्त मुहावरा है –

(1) गाँठ कतरना
(2) गाँठ उखड़ना
(3) गाँठ बाँधना
(4) गाँठ करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**27.** किस विकल्प के सभी शब्दकोश क्रमानुसार लिखे गए हैं?

(1) कवि, चित्रकार, ज्ञानी, ज्योतिषी
(2) कवि, ज्ञानी, चित्रकार, ज्योतिषी
(3) कवि, चित्रकार, ज्योतिषी, ज्ञानी
(4) कवि, ज्योतिषी, ज्ञानी, चित्रकार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**28.** किस विकल्प में अधिकरण कारकवाची 'पर' का प्रयोग नहीं हुआ है?

(1) बात पर बात निकलती है।
(2) अच्छे काम पर इनाम मिलता है।
(3) दिन पर दिन भाव चढ़ रहा है।
(4) वहाँ तो परिन्दा भी पर नहीं मार सकता।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**29.** सूरदास के भ्रमरगीत विषयक आचार्य शुक्ल की टिप्पणी नहीं है –

(1) भ्रमरगीत में गोपियों की वचनवक्रता अत्यन्त मनोहारिणी है।

(2) सगुण–निर्गुण का यह प्रसंग सूरदास ने भागवत से ग्रहण किया है।

(3) सूरदास ने इसमें सगुणोपासना का निरूपण बड़े ही मार्मिक ढंग से किया है।

(4) सूरसागर का सबसे मर्मस्पर्शी और वाग्वैदग्ध्यपूर्ण अंश भ्रमरगीत है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**30.** 'उसे हमारी चिट्ठी मिली होगी।' वाक्य में काल है –

(1) सन्दिग्ध भूतकाल
(2) सम्भाव्य भविष्यत् काल
(3) सन्दिग्ध वर्तमान काल
(4) वर्तमान काल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**31.** बन बितान रबि, ससि दियो, फल भख सलिल–प्रवाह।
अवनि–सेज, पंखा–पवन, अब न कछू परवाह।।
प्रस्तुत पद में रस है –

(1) हास्य
(2) शांत
(3) श्रृंगार
(4) करुण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**32.** प्रयत्न के आधार पर 'ड़' व्यंजन है –

(1) पार्श्विक
(2) उत्क्षिप्त
(3) नासिक्य
(4) लुंठित
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**33.** केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा मानक हिंदी वर्णमाला में संयुक्त व्यंजन के रूप में स्वीकृत लिपि चिन्ह नहीं है –

(1) ज्ञ
(2) द्य
(3) क्ष
(4) त्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**34.** ''जब तक मरद जीता है, लोग बैयर को मरद की बहू कहकर पुकारते हैं, जब मरद मर जाता है, तो लोग उसे बेटे की अम्मा कहकर पुकारते हैं।''

'गदल' कहानी में उपर्युक्त कथन किसका है?

(1) मौनी
(2) डोडी
(3) गदल
(4) निहाल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**35.** बूचर के अनुसार, अरस्तू की अनुकरण संबंधी मान्यता के संबंध में असंगत विकल्प है –

(1) कलाकृति में मानव–जीवन के सामान्य पक्ष का अनुकरण होता है।
(2) कलाकृति मूल वस्तु का पुनरुत्पादन है।
(3) कलाकृति मानव–जीवन का आदर्शीकृत प्रतिरूपण नहीं है।
(4) कलाकृति कलाकार के मनोगत बिंब का प्रतिफल होती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**36.** प्रकम्पित ध्वनि है –

(1) र
(2) य
(3) व
(4) ल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**37.** जैन–साहित्य के संबंध में असंगत कथन है –

(1) आचारशैली के जैन–काव्यों में उपदेशात्मकता के स्थान पर घटनाओं को प्रधानता दी गई है।
(2) फागु काव्य, शैली की सामान्यता के लिए प्रसिद्ध हैं।
(3) 'रेवंतगिरिरास' में वास्तुकलात्मक सौन्दर्य का आकर्षण है।
(4) जैन तीर्थंकरों के जीवनचरित रास नाम से भी पद्यबद्ध किए गए।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**38.** अशुद्ध शब्द नहीं है –

(1) जलाँजली
(2) शाप
(3) याज्ञवलक्य
(4) ज्योत्सना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**39.** अशुद्ध वाक्य नहीं है –

(1) उसने मुझे गालियाँ दीं।
(2) आक्रमणकारी दस बारह पशु उठा ले गयें।
(3) वह अपराधी दण्ड देने योग्य है।
(4) इस बात का स्पष्टीकरण करने की आवश्यकता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**40.** निम्नलिखित में से कौनसा आधार भारतेन्दु द्वारा खड़ी बोली – गद्य के स्वरूप निर्माण हेतु स्थिर किए गए आधारों में सम्मिलित नहीं है?

(1) उर्दू – फ़ारसी के लोक – व्यवहार में प्रचलित शब्दों का प्रयोग।

(2) आवश्यकता पड़ने पर संस्कृत के मूल स्रोत से शब्दों को ग्रहण करने की नीति।

(3) मुख्यतः हिन्दी के तद्भव और प्रचलित शब्दों का प्रयोग।

(4) व्याकरण की शुद्धता और भाषा की सफाई पर अत्यधिक बल।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**41.** 'दमड़ी की बुढ़िया टका सिर मुँडाई' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है –

(1) बलवान व्यक्ति अपराध करने पर तुच्छ मनुष्यों से भी दबता है।

(2) थोड़े नुकसान से बेईमान का पता चलना।

(3) जितने का माल हो उससे ज्यादा उस पर व्यय होना।

(4) दिन रात काम करने पर भी काम पूरा न होना।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**42.** कथन –

(क) रीतिकाल के प्रतिनिधि कवि बिहारी, मतिराम, पद्माकर रसिक ही थे, प्रेमी नहीं।

(ख) इनकी सौन्दर्य भावना विषयगत न होकर विषयीगत थी।

रीतिकाल के संबंध में डॉ. नगेन्द्र के उपर्युक्त कथनों की दृष्टि से सही विकल्प है –

(1) (क) और (ख) गलत
(2) (क) सही और (ख) गलत
(3) (क) और (ख) सही
(4) (क) गलत और (ख) सही
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**43.** "पिउ सौं कहेउ सँदेसड़ा, हे भौंरा! हे काग!
सो धनि विरहै जरि मुई, तेहिक धुवाँ हम्ह लाग।।"

नागमती वियोग खण्ड की प्रस्तुत पंक्तियों में किस माह का वर्णन है?

(1) कुवार
(2) सावन
(3) अगहन
(4) कातिक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**44.** अष्टछाप के कवियों के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प असंगत है?

(1) छीतस्वामी – ये विट्ठलनाथ जी के शिष्य थे।
(2) कुंभनदास – ये वल्लभाचार्य के शिष्य थे।
(3) चतुर्भुजदास – ये वल्लभाचार्य के शिष्य थे।
(4) परमानंददास – ये वल्लभाचार्य के शिष्य थे।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**45.** 'कलम तोड़ना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है –

(1) लिख न सकना।
(2) सुन्दर लिपि में लिखना।
(3) मार्मिक बात लिखना।
(4) लेख आदि को काट डालना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**46.** यमक अलंकार के संबंध में असंगत विकल्प है –

(1) इसमें वर्णों का आवर्त्तन पूर्वक्रम से नहीं होता है।

(2) इसमें भिन्नार्थक सार्थक वर्णसमूह की आवृत्ति होती है।

(3) इसमें स्वरव्यंजन समुदाय या वर्णसंघात की आवृत्ति होती है।

(4) अर्थवैषम्य इसका आवश्यक तत्त्व है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**47.** "प्रबल जो तुम में पुरुषार्थ हो।
सुलभ कौन तुम्हें न पदार्थ हो।
प्रगति के पथ में विचरो उठो।
भुवन में सुख–शान्ति भरो उठो।"
प्रस्तुत पंक्तियों में छन्द है –

(1) द्रुतविलम्बित
(2) हरिगीतिका
(3) मन्दाक्रान्ता
(4) छप्पय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**48.** 'किसी अयोग्य व्यक्ति को कोई सुन्दर या बहुमूल्य वस्तु प्रदान करने' पर प्रयुक्त की जाने वाली सर्वाधिक उपयुक्त लोकोक्ति है –

(1) बिल्ली के गले में घंटी
(2) ऊँट के गले में बिल्ली
(3) बन्दर के गले में मोतियों की माला
(4) चील के घोंसले में मांस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**49.** 'बच्चा पढ़कर सो गया' वाक्य में रेखांकित अंश में क्रिया है –

(1) संयुक्त क्रिया
(2) नामधातु क्रिया
(3) पूर्वकालिक क्रिया
(4) प्रेरणार्थक क्रिया
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**50.** भारतेन्दु–युग की प्रवृत्तियों के विषय में असंगत विकल्प है –

(1) इस युग के कवियों ने जनमानस में राष्ट्रीय भावना के बीज वपन का महत्त्वपूर्ण कार्य किया।
(2) इस युग में कवियों की प्रतिभा और रचना कौशल को परखने के लिए कवि गोष्ठियों में कठिन से कठिन विषयों पर समस्यापूर्ति करायी जाती थी।
(3) इस युग में पश्चिमी सभ्यता, विदेशी शासन, रूढ़ियों आदि पर व्यंग्य करने के लिए कवियों ने विषय और शैली की दृष्टि से अनेक नये प्रयोग किये।
(4) परंपरागत रीति निरूपण पद्धति के प्रति भारतेन्दु युग के सभी कवियों का मोह बना रहा तथा सभी कवियों ने रीति निरूपण किया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**51.** यह काया है या शेष उसी की छाया।
क्षण भर उनकी कुछ नहीं समझ में आया।।
पंक्तियों में निहित अलंकार है –

(1) भ्रान्तिमान
(2) विरोधाभास
(3) अपह्नुति
(4) संदेह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**52.** निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य है –

(1) आकाश में तारे टिमटिमा रहे हैं।
(2) कृपया मेरी सौभाग्यवती कन्या के विवाह में पधारें
(3) उसे अपनी योग्यता पर गर्व है।
(4) प्रशान्त बहुत चालाक है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. 'दीर्घकाल से हिन्दी साहित्य के इतिहास–लेखक अपभ्रंश भाषा के साहित्य को भी हिन्दी साहित्य के पूर्वरूप के रूप में ग्रहण करते आए हैं।' इतिहास लेखन संबंधी उपर्युक्त मान्यता किस विद्वान की है?

(1) आ. रामचन्द्र शुक्ल
(2) डॉ. रामकुमार वर्मा
(3) डॉ. नगेन्द्र
(4) आ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. संधि का सही विकल्प नहीं है –

(1) पितृ + अनुमति = पित्रानुमति
(2) जल + ओघ = जलौघ
(3) ब्रह्म + ऋषि = ब्रह्मर्षि
(4) अनु + ईक्षण = अन्वीक्षण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. 'आज लोगों के मन में यही बात समा रही है कि जहाँ तक हो सके शीघ्र ही शत्रुओं से बदला लेना चाहिए।' वाक्य में उद्देश्य है –

(1) शीघ्र ही
(2) शत्रुओं से
(3) बात
(4) आज लोगों के मन में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. डॉ. रामविलास शर्मा के अनुसार हिन्दी नवजागरण का तृतीय चरण है –

(1) भारतेन्दु युग
(2) महावीर प्रसाद द्विवेदी और उनके सहयोगियों का कार्यकाल
(3) छायावाद युग
(4) 1857 का स्वाधीनता संग्राम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. चंद्रगुप्त नाटक के पात्रों के संबंध में सही विकल्प है –

(1) मालविका तक्षशिला की राजकुमारी है।
(2) सुवासिनी शकटार की कन्या है।
(3) माधवी धनदत्त की पत्नी है।
(4) मणिमाला मगध की राजकुमारी है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. निम्नलिखित में से रचनाकार एवं रचनाओं की दृष्टि से संगत विकल्प है –

(1) महादेवी वर्मा – रश्मि, नीहार, करुणालय
(2) निराला – युगांत, परिमल, गीतिका
(3) पंत – उच्छ्वास, ग्रंथि, वीणा
(4) प्रसाद – आँसू, उत्तरा, कानन–कुसुम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. 'पतंग' शब्द का अर्थ नहीं है –

(1) चिड़िया
(2) धनुष
(3) सूर्य
(4) शलभ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. द्विवेदी युगीन रचना जिसमें प्रबंध और मुक्तक दोनों का सौन्दर्य विद्यमान है, का नाम है –

(1) प्रेम पथिक
(2) प्रिय प्रवास
(3) उद्धव शतक
(4) रंग में भंग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. वामपद असुर–स्कन्ध पर, रहा दक्षिण हरि पर;
ज्योतिर्मय रूप, हस्त दश विविध अस्त्र–सज्जित।
'राम की शक्ति–पूजा' की इन पंक्तियों में किसका रूप वर्णित है?
(1) दुर्गा
(2) रावण
(3) कुम्भकर्ण
(4) हनुमान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. जोरि पानि प्रभु कीन्ह प्रनामू। पिता समेत लीन्ह निज नामू।
कहेउ बहोरि कहाँ बृषकेतू। बिपिन अकेलि फिरहु केहि हेतू।
राम का यह कथन किसके प्रति है?
(1) अनसूया
(2) सती
(3) कैकेयी
(4) शबरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. रचना–रचनाकार की दृष्टि से सुमेलित विकल्प नहीं है –
(1) मधुमालती – मंझन
(2) ज्ञान दीप – शेख नवी
(3) हंस जवाहिर – कासिमशाह
(4) अनुराग–बाँसुरी – उसमान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. 'हवा में उड़ा देना' मुहावरे का अर्थ है –
(1) होश ठिकाने न रहना
(2) कोई ध्यान न देना
(3) किसी विचार का प्रचार होना
(4) बुरी दशा आना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. रीतिनिरूपण और रीतिकवि के आधार पर असंगत विकल्प है –
(1) छन्द–निरूपक – तोष
(2) सर्वांग–निरूपक – कुलपति मिश्र
(3) सर्वरस–निरूपक – पद्माकर
(4) अलंकार–निरूपक – जसवंत सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. 'माधुर्य गुण' के संबंध में असंगत कथन है –
(1) इसमें ट, ठ, ड, ढ को छोड़कर 'क' से 'म' तक के वर्णों का समावेश होता है।
(2) इसमें मधुर वर्ण, सानुनासिक वर्ण और अल्प–समास का प्रयोग होता है।
(3) इसमें सरल, सुबोध तथा श्रवणमात्र से ही शीघ्र अर्थबोध कराने वाले शब्द प्रयुक्त होते हैं, जिससे चित्त का विस्तार होता है और मन में आवेग उमड़ता है।
(4) यह गुण श्रृंगार, करुण एवं शांत रसों में प्रयुक्त होता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. आदिकालीन शिलांकित कृति है –
(1) वर्णरत्नाकर
(2) उक्ति–व्यक्ति–प्रकरण
(3) राउलवेल
(4) श्रावकाचार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**68.** निम्नलिखित में से काव्यांश और उसमें निहित काव्य–दोष की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(1) अ–मानुषी भूमि अ–बानरी करौं। – अक्रमत्व दोष

(2) कैसे कहते हो इस दुआर पर फिर से कभी न आऊँ। – ग्राम्यत्व दोष

(3) अजा–सहेली ता रिपू जननी–भरतार। ताके सुत के मीत को सुमिरौं बारंबार। – अप्रतीतत्व दोष

(4) पर क्या न विषयोत्कृष्टता करती विचारोत्कृष्टता। – श्रुतिकटुत्व दोष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**69.** 'आपने इस अनित्य शरीर का, <u>जो अल्प ही काल में नाश हो जाएगा</u>, इतना मोह किया।' वाक्य में रेखांकित उपवाक्य का प्रकार है –

(1) कालवाचक क्रियाविशेषण उपवाक्य (2) रीतिवाचक क्रियाविशेषण उपवाक्य

(3) संज्ञा उपवाक्य (4) विशेषण उपवाक्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**70.** "यह कहानी अर्थमूलक यथार्थ के कई जटिल आयामों को एक साथ उद्‌घाटित करती है। ये सारे आयाम आपस में तने हुए लक्षित होते हैं।"

'कफ़न' कहानी के संदर्भ में यह कथन किसका है?

(1) रामदरश मिश्र (2) यशपाल

(3) कमलेश्वर (4) अमरकान्त

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**71.** "पुरस्कार का भी केन्द्रबिंदु प्रेम का द्वन्द्व ही है, जो उगता तो है बाहरी परिवेश के बीच किंतु धीरे–धीरे अपने भीतर से ही विकसित होने लगता है।"

'पुरस्कार' कहानी पर यह टिप्पणी किसकी है?

(1) रामदरश मिश्र (2) महीप सिंह

(3) राजेन्द्र यादव (4) कमलेश्वर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**72.** हीन भएँ जल मीन अधीन कहा कछु मो अकुलानि समानै।
नीर–सनेही कों लाय कलंक निरास ह्वै कायर त्यागत प्रानै।।
प्रीति की रीति सु क्यों समुझै जड़ मीत के पानि परें कों प्रमानै।
या मन की जु दसा घनआनंद जीव की जीवनि जान ही जानै।।

छन्द की व्याख्या के संबंध में असंगत है –

(1) सवैया छंद है।

(2) साहस के अभाव का संकेत है।

(3) 'घनानंद' से सुजान भी संकेतित हैं।

(4) मीन और विरही की व्याकुलता पूर्णतः सदृश है और दोनों ही वियोग में निराश होकर कायरों की भाँति प्राण त्याग देते हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**73.** 'इंदौर पहले एक गाँव था।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का प्रकार है –

(1) विधानार्थक (2) संकेतार्थक

(3) संदेह सूचक (4) निषेधवाचक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**74.** "सुनि जननी! सोह सुत बड़भागी, जो पितु–मात–वचन–अनुरागी।
तनय मात–पितु–तोषनहारा, दुरलभ जननि! सकल संसारा।।"
प्रस्तुत पंक्तियों में कौनसा छन्द है?
(1) सोरठा
(2) द्रुतविलम्बित
(3) चौपाई
(4) दोहा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**75.** डॉ. ग्रियर्सन के अनुसार, राजस्थानी की बोलियों में सम्मिलित नहीं है –
(1) ढूँढाड़ी
(2) भीली
(3) अहीरवाटी
(4) नीमाड़ी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**76.** अज्ञेय रचित 'रोज' कहानी के संबंध में असंगत है –
(1) कहानी की शैली आत्मकथात्मक है।
(2) मालती के अतीत के उल्लासमय जीवन्त परिवेश का चित्रण है।
(3) कहानी की संरचना वर्णनात्मक है व चित्रात्मकता, संवादात्मकता और काव्यात्मकता का अभाव है।
(4) वैवाहिक जीवन की एकरसता का चित्रण है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**77.** "अजौ तर्‌यौना हीं रह्यौ श्रुति सेवत इक–रंग।
नाक – बास बेसरि लह्यौ बसि मुकुतनु कैं संग।।"
प्रस्तुत दोहे की व्याख्या के संबंध में असंगत विकल्प है –
(1) तर्‌यौना = नासिका – भूषण विशेष
(2) सत्संगति की महिमा का वर्णन
(3) श्लेष अलंकार
(4) बेसरि का लक्ष्यार्थ महाअधम प्राणी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**78.** निम्नलिखित में से गलत कथन है –
(1) ओ, औ कण्ठतालव्य स्वर हैं।
(2) इ, ई तालव्य स्वर हैं।
(3) 'ऋ' मूर्धन्य स्वर है।
(4) सभी स्वर सघोष हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**79.** करके मीन–मेख सब ओर,
किया करें बुध वाद कठोर,
शाखामयी बुद्धि तजकर <u>वे</u> मूल–धर्म धरते हैं।
हम राज्य लिए मरते हैं।
'साकेत' की उपर्युक्त पंक्तियों में 'वे' से संकेतित है –
(1) राजा
(2) विद्वान
(3) किसान
(4) सैनिक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**80.** 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' की दृष्टि से कौनसा विकल्प गलत है?
(1) जहाँ पहुँचना कठिन हो – दुर्गम
(2) किए गए उपकार को मानने वाला – कृतज्ञ
(3) जिसे करना कठिन हो – दुर्बोध
(4) जहाँ पहुँचा न जा सके – अगम्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

81. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का बिहारी विषयक मत नहीं है –

(1) बिहारी के दोहों में मुक्तक कविता का सौन्दर्य अपने चरम उत्कर्ष को पहुँचा है।

(2) बिहारी की रसव्यंजना का पूर्णवैभव उनके अनुभावों के विधान में दिखाई पड़ता है।

(3) बिहारी में भावों का बहुत उत्कृष्ट और उदात्त स्वरूप मिलता है।

(4) बिहारी की वाक्यरचना व्यवस्थित है और शब्दों के रूप का व्यवहार एक निश्चित प्रणाली पर है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. किस विकल्प के सभी विद्वान 'पृथ्वीराज रासो' को सर्वथा अप्रामाणिक रचना मानते हैं?

(1) डॉ. बूलर, गौरीशंकर हीराचंद ओझा, मुंशी देवीप्रसाद

(2) मोहनलाल विष्णुलाल पंड्या, बाबू श्यामसुंदर दास, डॉ. बूलर

(3) मॉरिसन, डॉ. बूलर, बाबू श्यामसुंदर दास

(4) गौरीशंकर हीराचंद ओझा, मुंशी देवीप्रसाद, मोहनलाल–विष्णुलाल पंड्या

(5) अनुत्तरित प्रश्न

83. "लग्यो सुमनु ह्वै है सफलु आतप – रोसु निवारि।
बारी , बारी आपनी सींचि सुहृदता – बारि।।"

प्रस्तुत दोहे में रेखांकित शब्दों का निम्नलिखित में से क्रमशः संगत अर्थ है –

(1) पारी, माली, वाटिका

(2) वाटिका, सरस्वती, माली

(3) बालिका, पारी, वचन

(4) वचन, बालिका, जल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

84. तद्भव शब्द है –

(1) पद्य

(2) पदक

(3) पथिक

(4) पंथी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

85. किस विकल्प में स्त्रीलिंग शब्द नहीं है?

(1) दमन, आज्ञा

(2) कृत्य, क्षण

(3) प्रहार, प्रार्थना

(4) चंद्र, घोषणा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

86. कृदन्त का उदाहरण है –

(1) हर्षित

(2) स्वप्न

(3) जटिल

(4) सर्वथा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

87. हिन्दी–साहित्य के इतिहास–ग्रंथ एवं उनके लेखक की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(1) हिन्दी साहित्य की भूमिका – आ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

(2) हिन्दी साहित्य का आदिकाल – आ. रामचन्द्र शुक्ल

(3) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास – डॉ. रामकुमार वर्मा

(4) हिन्दी साहित्य का अतीत – आ. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**88.** कहानी संग्रह तथा कहानीकार का मिलान करते हुए सही विकल्प चुनिए –

| **कहानी संग्रह** | **कहानीकार** |
|---|---|
| (अ) तीन निगाहों की एक तस्वीर | (A) उषा प्रियंवदा |
| (ब) फिर बसंत आया | (B) ममता कालिया |
| (स) मुखौटा | (C) मन्नू भण्डारी |
| (द) जहर ठहरा हुआ | (D) चित्रा मुद्गल |

उत्तर विकल्प –

**(1)** (अ)–(C), (ब)–(D), (स)–(A), (द)–(B)

**(2)** (अ)–(B), (ब)–(A), (स)–(C), (द)–(D)

**(3)** (अ)–(A), (ब)–(B), (स)–(D), (द)–(C)

**(4)** (अ)–(C), (ब)–(A), (स)–(B), (द)–(D)

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**89.** निम्नलिखित में कौनसा वाक्य शुद्ध है?

**(1)** उसने मुझे दस हजार रुपये दिये।

**(2)** बच्चा खाना और दूध पीकर सो गया।

**(3)** आगामी रविवार को वह जयपुर गया था।

**(4)** तरुण नवयुवकों की शिक्षा का अच्छा प्रबंध होना चाहिए।

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**90.** असंगत विलोम शब्द है –

**(1)** विस्तीर्ण – संकीर्ण

**(2)** वैधर्म्य – साधर्म्य

**(3)** व्यास – समास

**(4)** विकृष्ट – अनाकृष्ट

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**91.** 'बेसर–मोती–दुति–झलक, परी अधर पर आनि।
पट पोंछति चूनो समुझि, नारी निपट अयानि।।'
प्रस्तुत पद में अलंकार है –

**(1)** असंगति

**(2)** भ्रान्तिमान

**(3)** विरोधाभास

**(4)** विभावना

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**92.** त्रासदी के संबंध में असत्य कथन का चयन कीजिए –

**(1)** करुणा तथा त्रास के उद्रेक द्वारा मनोविकारों का उचित विरेचन त्रासदी का कार्य होता है।

**(2)** त्रासदी का कार्य गंभीर एवं स्वतः पूर्ण होता है।

**(3)** त्रासदी कार्य व्यापार का वर्णन मात्र होती है, प्रस्तुति नहीं।

**(4)** त्रासदी कार्य की अनुकृति है।

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**93.** रीतिमुक्त काव्य की प्रवृत्तियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प असंगत है?

**(1)** रीतिमुक्त काव्यधारा पर फ़ारसी की काव्य प्रवृत्तियों का प्रभाव दिखाई देता है।

**(2)** रीतिमुक्त कवियों का प्रेमवर्णन प्रायः व्यथा प्रधान है।

**(3)** रीतिमुक्त कवियों के वर्ण्य विषय और उनकी वर्णन शैली दोनों रीतिकालीन काव्य परम्परा से बँधे हैं।

**(4)** रीतिमुक्त काव्य में कवियों की प्रेमानुभूति को आत्माभिव्यक्ति की शैली में स्थान प्राप्त हुआ है।

**(5)** अनुत्तरित प्रश्न

**94.** निम्नलिखित में से हिन्दी साहित्य के काल–विभाजन का प्रयास सर्वप्रथम किस विद्वान ने किया?

(1) जॉर्ज ग्रियर्सन ने
(2) शिवसिंह सेंगर ने
(3) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने
(4) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**95.** निम्नलिखित में से किसे निर्गुण संत काव्यधारा का दार्शनिक–सांस्कृतिक आधार नहीं माना जाता है?

(1) शंकराचार्य का अद्वैतदर्शन
(2) उपनिषद्
(3) पुराण
(4) सूफी दर्शन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**96.** यात्रावृत्तांत लेखन के विषय में असंगत है –

(1) यात्री अपने साहित्य में संवेदनशील होकर भी निरपेक्ष नहीं रहता है।
(2) डॉ. रघुवंश के अनुसार यात्रा–साहित्य आधुनिक हिन्दी–साहित्य में पाश्चात्य–साहित्य के संपर्क में आने के बाद ही विकसित हुआ।
(3) यात्रा करने मात्र से कोई साहित्यिक यायावर की संज्ञा नहीं प्राप्त कर सकता और न यात्रा का विवरण प्रस्तुत कर देना मात्र यात्रा–साहित्य है।
(4) अधिकतर यात्रा–साहित्य संस्मरणात्मक होता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**97.** आत्मकथा और आत्मकथाकार की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

(1) अन्या से अनन्या – प्रभा खेतान
(2) पिंजरे की मैना – मृदुला गर्ग
(3) एक कहानी यह भी – मन्नू भण्डारी
(4) कस्तूरी कुण्डल बसै – मैत्रेयी पुष्पा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**98.** ''यदि ऐसा ही है तो फिर अच्छा है कि तुम लोग अलग हो जाओ। संबंध को निभाने की ख़ातिर अपने को ख़तम कर देने से अच्छा कि संबंध को ख़तम कर दो।'' 'आपका बंटी' उपन्यास् में यह कथन किसने किससे कहा था?

(1) वकील चाचा ने शकुन से
(2) शकुन ने अजय से
(3) अजय ने शकुन से
(4) फूफी ने शकुन से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**99.** ''महाकाव्य की उदात्तता और नाटक की गति ये दोनों मिलकर इस लंबी कविता को एक अपूर्व रूप प्रदान करते हैं'' –

'राम की शक्तिपूजा' के संबंध में यह कथन किस विद्वान आलोचक का है?

(1) डॉ. नामवर सिंह
(2) डॉ. रामविलास शर्मा
(3) आ. रामचंद्र शुक्ल
(4) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**100.** किस विकल्प के सभी शब्द 'कमल' के पर्यायवाची हैं?

(1) सरोज, पद्म, कोरक
(2) जलज, जलजात, गुंचा
(3) पुंडरीक, नलिन, राजीव
(4) अरविंद, मुकुल, अम्बुद
(5) अनुत्तरित प्रश्न

101. 'ससि सो उज्ज्वल तिय वदन, पल्लव सो मृदु पानि।'
इस पंक्ति में निम्नलिखित में से कौनसा अलंकार है?
(1) उत्प्रेक्षा
(2) उपमा
(3) अपह्नुति
(4) रूपक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

102. 'अधिकार खोकर बैठ रहना, यह महा दुष्कर्म है।
न्यायार्थ अपने बन्धु को भी, दण्ड देना धर्म है।'
प्रस्तुत पंक्तियाँ किस छन्द की हैं?
(1) मत्तगयन्द सवैया
(2) चौपाई
(3) हरिगीतिका
(4) द्रुतविलम्बित
(5) अनुत्तरित प्रश्न

103. 'कच समेट कर भुज उलटि, खए सीस पट–टारि।
काकौ मन बाँधै न यह, जूरो बाँधनिहारि।।'
रेखांकित अंश में शब्द–शक्ति है –
(1) अभिधा
(2) लक्षण लक्षणा
(3) उपादान लक्षणा
(4) रूढ़ि लक्षणा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

104. किस विकल्प के सभी शब्द तत्सम हैं?
(1) गोंद, दूर्वा, धीरज
(2) निद्रा, पत्र, पत्थर
(3) पाषाण, पर्ण, स्तम्भ
(4) द्राक्षा, थल, नृत्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

105. संविधान के राजभाषा विषयक प्रावधानों की दृष्टि से असंगत विकल्प है –
(1) अनुच्छेद 351 ए तथा बी में मातृभाषा के माध्यम से शिक्षण तथा भाषिक अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए व्यवस्था की गई है।
(2) अनुच्छेद 351 हिंदी भाषा की प्रसार वृद्धि को निदेशित करता है।
(3) अनुच्छेद 343(1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।
(4) अनुच्छेद 343(1) के अनुसार संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अन्तर्राष्ट्रीय रूप होगा।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

106. मंत्री इक बन बसत हमारो ताहि मिले सचु पाइयो।
भ्रमरगीत सार के संदर्भ में मंत्री शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है?
(1) अक्रूर
(2) राधा
(3) उद्धव
(4) सुदामा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

107. निम्नलिखित में एकवचन से बहुवचन का सही विकल्प है –
(1) डिबिया – डिब्बे
(2) गौ – गौएँ
(3) क्यारी – क्यारीं
(4) विद्या – विद्यायें
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**108.** निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प शब्द–शक्तियों के संबंध में संगत नहीं है?

(1) मुख्यार्थ को छोड़कर जहाँ पर प्रचलन के कारण अन्य अर्थ ग्रहण किया जाता है, वहाँ रूढ़ि लक्षणा होती है।

(2) जो शब्द शक्ति वक्ता, बोद्धव्य, वाक्य अन्यसन्निधि, वाच्य, प्रकरण, देश, काल, काकु, चेष्टा आदि की विशेषता के कारण व्यंग्यार्थ की प्रतीति कराती है, वह आर्थी व्यंजना कही जाती है।

(3) जहाँ पर मुख्य अर्थ की बाधा होने पर सादृश्य संबंधों के द्वारा उसे ग्रहण किया जाये, वहाँ पर शुद्धा प्रयोजनवती लक्षणा होती है।

(4) जहाँ पर मुख्यार्थ की बाधा होने पर लक्षणा शक्ति से अन्य अर्थ निकलता है, परन्तु उसके बाद भी दूसरा अर्थ प्राप्त होता है, वहाँ पर लक्षणामूला शाब्दी व्यंजना होती है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**109.** कविता–संग्रह एवं कवि सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| (i) अपनी केवल धार | (क) बद्रीनारायण |
| (ii) सच सुने कई दिन हुए | (ख) अरुण कमल |
| (iii) दुनिया रोज बनती है | (ग) मदन कश्यप |
| (iv) लेकिन उदास है पृथ्वी | (घ) आलोक धन्वा |

सही विकल्प है –

(1) (i)-(ख), (ii)-(क), (iii)-(घ), (iv)-(ग)

(2) (i)-(क), (ii)-(ख), (iii)-(ग), (iv)-(घ)

(3) (i)-(घ), (ii)-(ग), (iii)-(ख), (iv)-(क)

(4) (i)-(ग), (ii)-(घ), (iii)-(क), (iv)-(ख)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**110.** साधारणीकरण के संबंध में असंगत कथन है –

(1) अभिनव गुप्त के अनुसार – भाव का साधारणीकरण सामूहिक क्रिया नहीं है, वह कला के क्षेत्र में वैयक्तिक क्रिया है।

(2) डॉ. नगेंद्र के अनुसार – साधारणीकरण कवि की अपनी अनुभूति का होता है।

(3) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी के अनुसार – साधारणीकरण रचयिता और उपभोक्ता के बीच भावना का तादात्म्य है।

(4) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार – साधारणीकरण आलम्बनत्व धर्म का होता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**111.** अर्द्धमागधी अपभ्रंश से विकसित हिंदी बोलियों का समूह है –

(1) बिहारी

(2) राजस्थानी

(3) पश्चिमी हिंदी

(4) पूर्वी हिन्दी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**112.** तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है –

(1) खेचर

(2) मनसिज

(3) देशकाल

(4) तटस्थ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**113.** आचार्य विश्वनाथ के अनुसार रस के स्वरूप के संबंध में असंगत विकल्प है –

(1) रसानुभव अन्य ज्ञान से रहित होता है।

(2) रस का प्रकाशन आत्मचैतन्य से होता है।

(3) रसानंद ही वास्तविक ब्रह्मानंद है।

(4) रस का उदय वहाँ होता है, जहाँ सतोगुण का उद्रेक होता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**114.** हंस, छोड़ आये कहाँ मुक्ताओं का देश?
यहाँ वन्दिनी के लिए लाये क्या संदेश?
पद में 'मुक्ताओं का देश' का व्यंजित अर्थ नहीं है –

(1) साकेत नगरी
(2) मुक्त आत्माओं का देश
(3) मानसरोवर
(4) स्वाधीन जनों का देश
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**115.** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिंदी में रीतिग्रंथों की परंपरा का आरम्भ किस कवि से मानते हैं?

(1) देव
(2) केशवदास
(3) भिखारीदास
(4) चिंतामणि त्रिपाठी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**116.** बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।
राम बियोगी न जिवै, जिवै तौ बौरा होइ।।
साखी में 'भुवंगम' का अर्थ है –

(1) भवन
(2) वियोगी
(3) भ्रमर
(4) सर्प
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**117.** इन शब्दों को पढ़िए –
(अ) पार्षद (ब) पारिजात (स) पार्थक्य (द) पार्श्वनाथ
शब्दकोश में इन शब्दों का क्रम क्रमशः होगा –

(1) (स), (द), (ब), (अ)
(2) (ब), (द), (अ), (स)
(3) (ब), (स), (द), (अ)
(4) (ब), (अ), (द), (स)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**118.** किस विकल्प में सभी शब्द यौगिक क्रियाविशेषण हैं?

(1) रात तक, अचानक
(2) दिनभर, दूर
(3) पहले, ठीक
(4) प्रेमपूर्वक, इसलिये
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**119.** ''भक्ति के लिये भगवान के साथ वैयक्तिक संबंध आवश्यक है और अवतार उस संबंध के लिए आवश्यक सामग्री प्रस्तुत करते हैं। यही कारण है कि मध्ययुग के प्रायः सभी धार्मिक संप्रदायों ने किसी–न–किसी रूप में अवतार की कल्पना अवश्य की है।'' मध्यकालीन भक्ति–साहित्य की विवेचना में उक्त कथन किस विद्वान का है?

(1) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(2) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(3) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(4) डॉ. रामकुमार वर्मा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**120.** शुद्ध शब्द है –

(1) व्यवहारिक
(2) रसिक
(3) विदेशिक
(4) सप्ताहिक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

121. निम्न में से किस पंक्ति में दुष्क्रमत्व दोष है?

(1) राजन! देहु तुरंग मोहि, अथवा देहु मतंग।

(2) घंटों ले के जननि–हरि को गोद में बैठती थीं।

(3) लंका–पुरि–पति को जो भ्राता तासु प्रिया नहिं आवति।

(4) पावन पद वन्दन करके प्रभु, कब कार्त्तार्थ्य मिले मुझ को।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

122. शुद्ध शब्द नहीं है –

(1) अभ्यास
(2) अभ्यान्तर
(3) अभ्युदय
(4) अभ्युत्थान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

123. अभिधामूला ध्वनि के संदर्भ में असंगत है –

(1) इस का एक भेद अर्थान्तरसंक्रमितवाच्य ध्वनि है।

(2) इसे विवक्षितवाच्य ध्वनि भी कहा जाता है।

(3) रस, भावादि के व्यंजित होने के कारण इसे रस ध्वनि कहते हैं।

(4) वाच्यार्थ से व्यंग्यार्थ की प्रतीति होती है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

124. किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?

(1) मध्याह्न, अतिथि
(2) स्वावलंबन, जिव्हा
(3) निश्च्छल, ब्रह्मा
(4) उल्लंघन, ईर्षा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

125. रसनिष्पत्ति के लिए भावकत्व तथा भोजकत्व व्यापार की स्थापना किस आचार्य द्वारा की गई?

(1) शंकुक
(2) भट्टलोल्लट
(3) अभिनव गुप्त
(4) भट्टनायक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

126. "बहुत दिनन थैं मैं प्रीतम पाये, भाग बड़े घरि बैठे आये।।
मंगलाचार माँहि मन राखौं, राम रसाँइण रसना चाषौं।
मंदिर माँहि भयो उजियारा, ले सुतो अपना पीव पियारा।।
मैं रनि राती जे निधि पाई, हमहिं कहाँ यह तुमहि बड़ाई।
कहै कबीर मैं कछु न कीन्हा, सखी सुहाग राम मोहि दीन्हा।।"

प्रस्तुत पद की व्याख्या के संदर्भ में असंगत है –

(1) भक्त का दैन्य तथा परमात्मा के अनुग्रह का स्पष्ट वर्णन

(2) 'कहै कबीर मैं कछु न कीन्हा, सखी सुहाग राम मोहि दीन्हा' पंक्ति में अपह्नुति अलंकार

(3) मिलन सुख की अनिर्वचनीयता की भी अभिव्यंजना

(4) दाम्पत्य प्रतीकों द्वारा आत्मा–परमात्मा के मिलन की अद्भुत व्यंजना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

127. बालकाण्ड के आधार पर रामचरित्र के श्रोताओं का सही क्रम है –
(1) पार्वती – काकभुशुण्डि – भरद्वाज – याज्ञवल्क्य
(2) पार्वती – भरद्वाज – काकभुशुण्डि – याज्ञवल्क्य
(3) पार्वती – काकभुशुण्डि – याज्ञवल्क्य – भरद्वाज
(4) पार्वती – याज्ञवल्क्य – भरद्वाज – काकभुशुण्डि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

128. ''मीत सुजान अनीत करौ जिन, हाहा न हूजियै मोहि अमोही।
डीठि कौ और कहूँ नहिं ठौर फिरी दृग रावरे रूप की दोही।
एकबिसास की टेक गहे लगि आस रहे बसि प्रान–बटोही।
हौं घनआनँद जीवनमूल दई कित प्यासनि मारत मोही।''
प्रस्तुत पद में व्यक्त भाव नहीं है –
(1) दर्शन की इच्छा
(2) प्रिय का जीवनदायी होकर पिपासा शांत करना
(3) उपालम्भ
(4) विश्वासघात
(5) अनुत्तरित प्रश्न

129. खड़ी बोली गद्य के प्रारंभिक चार उन्नायकों में शामिल नहीं हैं –
(1) लाला भगवानदीन
(2) लल्लू लाल
(3) इंशा अल्ला खाँ
(4) सदल मिश्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

130. शुद्ध वाक्य है –
(1) उसे भारी प्यास लगी है।
(2) ऐसा साहित्य उत्कृष्टतम कहा जायेगा।
(3) इसमें समस्त प्राणिमात्र का कल्याण है।
(4) अधिकतर लोगों का यही विचार है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

131. ''आज लगता है, साथ रहना भी कितनी तरह का हो सकता है। सारी जिन्दगी साथ रहकर भी आदमी कितना अकेला रह सकता है और किसी का हल्का–सा स्पर्श भी कैसे जिन्दगी को किसी के साथ होने के एहसास और आश्वासन से भर सकता है।'' उपन्यास 'आपका बंटी' में ये विचार किसके हैं?
(1) वकील चाचा
(2) अजय
(3) डॉक्टर
(4) शकुन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

132. साधारण वाक्य का उदाहरण नहीं है –
(1) काम सीखा हुआ नौकर कठिनाई से मिलता है।
(2) धूप कड़ी होने के कारण वे पेड़ की छाया में ठहर गए।
(3) शास्त्री जी को सभापति बनाया गया।
(4) नौकर ने कहा कि मैं जिस दुकान में गया था उसमें दवा नहीं मिली।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

133. 'देव' संज्ञा से बना विशेषण है –
(1) दैवज्ञ
(2) देवता
(3) देवत्व
(4) दैविक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

134. काव्य–लक्षण एवं लक्षणकार की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प सुमेलित है?

(1) रमणीयार्थ–प्रतिपादकः शब्दः काव्यम् – जगन्नाथ

(2) वाक्यं रसात्मकं काव्यम् – भामह

(3) शब्दार्थौ सहितौ काव्यम् – विश्वनाथ

(4) तददोषौशब्दार्थौ सगुणावनलंकृती पुनः क्वापि – जयदेव

(5) अनुत्तरित प्रश्न

135. निम्नलिखित में से कौनसे समूह के सभी शब्द पुल्लिंग हैं?

(1) सरोज, नयन, गणित

(2) सोना, कपूर, मणि

(3) दही, उड़ान, अनाज

(4) पीतल, भारत, चाँदी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

136. 'यदि मन लगाकर काम करोगे, तो सफलता प्राप्त करोगे।'

उक्त वाक्य का प्रकार बताइए –

(1) संयुक्त वाक्य

(2) सरल वाक्य

(3) साधारण वाक्य

(4) मिश्र वाक्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

137. किस विकल्प में गलत संधि–विच्छेद है?

(1) तृष्णा = तृष् + णा

(2) वाङ्मय = वाक् + मय

(3) तद्रूप = तत् + रूप

(4) महच्छत्र = महत् + छत्र

(5) अनुत्तरित प्रश्न

138. वक्रोक्ति सिद्धान्त के विषय में असंगत है –

(1) वक्रोक्ति कविकल्पनाप्रसूत है और उसका उद्देश्य है, वैचित्र्यसिद्धि।

(2) प्रकरण वक्रता के अन्तर्गत कुन्तक ने अलंकारों का विधान किया है।

(3) वक्रोक्ति लोकोत्तरआह्लादकारिणी होकर असुन्दर वस्तु में कलात्मकता का आधान करती है।

(4) पदपूर्वार्द्ध वक्रता में मूल शब्द की वक्रता या रमणीयता वर्णित होती है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

139. एक विशेष काव्यान्दोलन, जिसका जन्म हिन्दी के काव्य–क्षेत्र में 'तार सप्तक' के प्रकाशन के साथ माना जाता है, वह है –

(1) प्रगतिवाद

(2) प्रयोगवाद

(3) छायावाद

(4) नयी कविता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

140. "विजय–तृष्णा का अन्त पराभव में होता है, अलक्षेन्द्र! राज्यसत्ता सुव्यवस्था से बढ़े, तो बढ़ सकती है, केवल विजयों से नहीं"।

चन्द्रगुप्त नाटक में उक्त कथन किसने किससे कहा है?

(1) सिकन्दर ने चन्द्रगुप्त से

(2) दाण्ड्यायन ने सिकन्दर से

(3) चाणक्य ने शकटार से

(4) सेल्यूकस ने वररुचि से

(5) अनुत्तरित प्रश्न

141. अशाब्दिक संचार (संप्रेषण) कौशल के बारे में कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) बहुत अधिक धीमी गति से बोलना गंभीरता या उदासी को दर्शा सकता है।

(2) शारीरिक मुद्राएँ, शरीर के अंगों की गति का वर्णन करती हैं।

(3) हाथ उठाना, हाव–भाव अथवा शारीरिक भाषा संकेत का उदाहरण है।

(4) पैरा भाषा अशाब्दिक संचार कौशल का एक प्रकार है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

142. निम्नलिखित कॉलम 'अ' में आई.सी.टी. (ICT) सॉफ्टवेयर का मिलान उनके उपयोग कॉलम 'ब' के साथ कीजिए –

| कॉलम 'अ' | कॉलम 'ब' |
|---|---|
| (A) डेस्कटॉप प्रकाशन | (I) विद्यार्थी के मौजूदा कौशल को मजबूत करना। |
| (B) विद्यार्थी निगरानी | (II) हैंडआउट, न्यूज़लेटर और फ्लायर बनाना एवं डिज़ाइन करना, जिससे विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को विभिन्न गतिविधियों तथा घटनाओं के विषय में सूचित किया जा सके। |
| (C) ड्रिल एवं प्रैक्टिस | (III) वास्तविक समय और भविष्य दोनों में विद्यार्थी की प्रगति को देखना एवं रिपोर्टिंग करना। |
| (D) संलेखन प्रणाली | (IV) शिक्षकों को स्वयं अनुदेशात्मक सॉफ्टवेयर बनाने में मदद करना। |

कूट –

(1) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(IV)

(2) (A)-(III), (B)-(II), (C)-(I), (D)-(IV)

(3) (A)-(II), (B)-(IV), (C)-(III), (D)-(I)

(4) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(IV), (D)-(III)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

143. तकनीकी एकीकरण के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसी डिजिटल लर्निंग आधारित पूरक श्रेणीबद्ध पठन शृंखला है, जिसे बच्चों को प्रारंभिक वर्षों के दौरान एक शिक्षण शास्त्रीय उपकरण के रूप में पठन कौशल विकसित करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है?

(1) भाषा संगम

(2) बाल बगिया

(3) बरखा

(4) प्रशस्त

(5) अनुत्तरित प्रश्न

144. निम्नलिखित में से कौनसा एक विषय विशिष्ट फ्री और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर नहीं है, जिसका उपयोग शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया के साथ–साथ विषयवस्तु विकास के लिए भी किया जा सकता है?

(1) स्क्रैच

(2) जियोजेब्रा

(3) कैल्ज़ियम

(4) भुवन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

145. **कथन (I) :** अग्रिम संगठक प्रतिमान की सामाजिक प्रणाली असंरचित होती है।

**कथन (II) :** अग्रिम संगठक प्रतिमान की सामाजिक प्रणाली में विद्यार्थी अनेक प्रश्न पूछकर नई अधिगम सामग्री को अपने मौजूदा ज्ञान में आत्मसात करने में संलग्न होते हैं।

(1) कथन (I) सही है एवं (II) गलत है।

(2) कथन (I) एवं (II) दोनों सही हैं।

(3) कथन (I) एवं (II) दोनों गलत हैं।

(4) कथन (I) गलत है एवं (II) सही है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**146.** जब किसी दल प्रतियोगिता में उच्च प्रदर्शन करने वाले सदस्य ईनाम जीतने के लिए औसत या कम प्रदर्शन करने वाले सदस्यों की सहायता करते हैं, तो सहयोगी अधिगम में यह किस प्रकार की अन्योन्याश्रयता कहलाती है?

(1) चालक अन्योन्याश्रयता
(2) लक्ष्य अन्योन्याश्रयता
(3) पुरस्कार अन्योन्याश्रयता
(4) कार्य अन्योन्याश्रयता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**147.** निम्नलिखित आभासी कक्षा की विशेषताओं का उनके विवरण के साथ सही मिलान कीजिए –

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| (A) फायदा | (I) विद्यार्थी ऐसे शिक्षण प्रारूप से सीख सकते हैं जो उनकी सीखने की शैली के लिए सबसे सही हैं। |
| (B) लचीलापन | (II) विद्यार्थी जरूरत के हिसाब से सही समय पर सीख सकते हैं। |
| (C) गुणवत्ता | (III) बड़ी संख्या में विद्यार्थी एक शिक्षक से सीख सकते हैं। |
| (D) दक्षता | (IV) विद्यार्थी सबसे अच्छे अनुदेशनकर्त्ता या विशेषज्ञ से सीख सकते हैं। |

**कूट –**

(1) (A)-(III), (B)-(II), (C)-(IV), (D)-(I)
(2) (A)-(II), (B)-(IV), (C)-(I), (D)-(III)
(3) (A)-(II), (B)-(I), (C)-(IV), (D)-(III)
(4) (A)-(III), (B)-(I), (C)-(IV), (D)-(II)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**148.** कक्षा में शिक्षण–अधिगम सामग्रियों के उपयोग का निम्नलिखित में से कौनसा उद्देश्य नहीं है?

(1) शिक्षण सामग्री के उपयोग की अनिवार्यता के नियम का पालन करना।
(2) कक्षा शिक्षण में नवीनता और ताजगी लाना।
(3) अधिगम को वास्तविक, व्यावहारिक और रोचक बनाना।
(4) किसी कौशल, तथ्य या विचार को स्पष्ट करना अथवा पुनर्बलित करना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**149.** इनमें से कौनसा सॉफ्टवेयर शिक्षकों को गणना करके अंकतालिका तैयार करने में मदद करता है?

(1) माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक
(2) एम.एस. – पावरप्वाइंट
(3) एम.एस. – एक्सेल
(4) एम.एस. – वर्ड
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**150.** पृच्छा प्रशिक्षण प्रतिमान की कौनसी अवस्था परिकल्पना परीक्षण से संबंधित है?

(1) प्रयोग द्वारा प्रदत्तों को संकलित करना।
(2) वस्तु एवं परिस्थितियों की प्रवृत्ति का सत्यापन करना।
(3) पृच्छा प्रक्रिया का विश्लेषण करना।
(4) पृच्छा प्रक्रिया की व्याख्या करना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

---

Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

10071009